नवभारत
भोपाल, रविवार 22 मार्च, 2026

नल-जल योजना ठप, पानी के लिए रात में लाइन

खास बातें

- 8-10 महीनों से बंद पड़ी योजना
- अवैध वसूली और पानी के दुरुपयोग के आरोप
- विवाद ने लिया हिंसक रूप, ग्रामीणों में आक्रोश

नवभारत न्यूज

आनंदपुर/जावती 21 मार्च, ग्राम पंचायत जावती में बीते 8-10 महीनों से नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को रात के समय हैंडपंपों पर लाइन लगानी पड़ रही है. पानी भरने को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है.


रसीद नं. 34 रसीद बुक नं.
दिनांक 3/11/25
कार्यालय ग्राम पंचायत जावली
तेहसील लहेरी जिला विदिशा म.प्र.
श्री रामेश आत्मज
निवासी जावली से
के संबंध में
रुपये अक्षरी प्राप्त हुए।
रु. 100 रोकड बही के पृष्ठ नं. पर दर्ज किया गया।
सचिव या लेखापाल सरपंच के हस्ताक्षर

सीईओ ने नहीं उठाया फोन

इस संबंध में जनपद सीईओ उदय प्रताप सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया. लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया. वहीं. अनुविभागीय अधिकारी नितिन जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शिकायत को नोट कर लिया गया है और जल्द ही समाधान किया जाएगा. उन्होंने नल-जल योजना को वैकल्पिक व्यवस्था से चालू कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नल-जल योजना को सुचारू रूप से चालू कराया जाए. और दोषी अधिकारियों व जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. ताकि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता के लिए उन्हें इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े.

हाल ही में पानी भरने को लेकर हुए एक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. जिसमें एक व्यक्ति ने दूसरे पर पत्थर से हमला कर दिया. जिससे वह घायल हो गया. इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है.

ग्रामीण गुरुपाल मालवीय का आरोप है कि पंचायत द्वारा नियमित जल सप्लाई नहीं दी जा रही है. जबकि नल-जल योजना के नाम पर 100 से 200 रुपये तक की वसूली की जा रही है. इसके बावजूद लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है. ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत द्वारा जारी कुछ रसीदों में राशि तो दर्ज है. लेकिन उन पर सरपंच और सचिव के हस्ताक्षर व सील नहीं हैं. जिससे वसूली अवैध प्रतीत होती है. ग्रामीणों का कहना है कि इस वसूली का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड भी पंचायत के पास उपलब्ध नहीं है.

वहीं. ग्रामीण विक्रम सिंह प्रजापति ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पीएचई विभाग द्वारा कराई गई बोरिंग का पानी कुछ लोगों द्वारा निजी खेतों की सिंचाई में उपयोग किया जा रहा है. जब ग्रामीण पानी की मांग करते हैं. तो पंचायत द्वारा यह कहकर टाल दिया जाता है कि बोरिंग सूख गई है या मीटर खराब है. ऐसे में सवाल उठता है कि जब ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा. तो वही पानी खेतों तक कैसे पहुंच रहा है.

2 साल से फरार 10-10 हजार के इनामी आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कार्रवाई. टीकमगढ़ से दबोचे गए आरोपी

नवभारत न्यूज

विदिशा 21 मार्च, जिले में गंभीर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने लगभग दो वर्षों से फरार चल रहे 10-10 हजार रुपये के इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है.

मामला 21 मई 2024 का है. जब थाना कोतवाली क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती के शव मिले थे. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की. जांच के दौरान आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का मामला सामने आया. जिसके बाद धारा 306 और 34 आईपीसी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया. इस मामले में कुल 6 आरोपियों को नामजद किया गया था.पुलिस ने पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. जबकि दो आरोपी लंबे समय से फरार थे. इन पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था. लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने 19 मार्च 2026 को दोनों आरोपियों को जिला टीकमगढ़ से गिरफ्तार कर लिया.

गिरफ्तार आरोपियों में जुगल किशोर केवट (20 वर्ष) निवासी गया जीतपुरा थाना मोहनगढ़ और राहुल चादर (30 वर्ष) निवासी ग्राम कूड़ीला शामिल हैं. पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज. उप निरीक्षक रघुराज सिंह सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही. विदिशा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें. ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके.

नगद इनाम की घोषणा

नवभारत न्यूज

विदिशा, पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना सिविल लाइन विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 33/2026 की विभिन्न धाराओ के दो फरार आरोपी आदित्य यादव निवासी धर्मकांटा गंजबासौदा और वासु पुत्र हरपाल सिंह भदौरिया निवासी करणपुरा इटावा की सूचना देने वालो को क्रमश: तीन-तीन हजार रूपए (प्रत्येक पर) नगद राशि देने की उद्घोषणा की है. सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

लावारिस खनन सामग्री जप्त, नटेरन थाने में रखवाई गई

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिले में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन सख्त नजर आ रहा है.कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत नटेरन तहसील के ग्राम गुरोद स्थित सगड़ नदी क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम ने रेत खनन में प्रयुक्त सामग्री जप्त की.तहसीलदार आनंद कुमार जैन ने बताया कि मौके पर दो इंजन, एक छन्ना, फुटबॉल (हरे रंग की), तथा विभिन्न आकार के पाइप लावारिस हालत में मिले। इन सभी सामग्रियों को जप्त कर नटेरन थाने में सुरक्षित रखा गया है. प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध उत्खनन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

प्रारंभिक सर्वे में 35 प्रतिशत तक फसल का नुकसान

नवभारत न्यूज

विदिशा, असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के प्रारंभिक सर्वे में विदिशा ग्रामीण क्षेत्र के लश्करपुर और हरुखेड़ी गांवों में 25 से 35 प्रतिशत तक फसल क्षति दर्ज की गई है.कुरवाई और सिरोंज क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत नुकसान की जानकारी सामने आई है.अन्य क्षेत्रों में नुकसान नगण्य पाया गया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की सूचना नहीं है. आरबीसी 6(4) के तहत राहत राशि वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी.

ओलावृष्टि से तबाह फसलें, विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने किया प्रभावित गांवों का दौरा

राजस्व अमले को त्वरित सर्वे कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

विदिशा, विगत दिवस शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर बड़ा असर डाला है. विदिशा तहसील के ग्राम अंडिया, सुरई मूड़रा सहित आसपास के गांवों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है. इस स्थिति का जायजा लेने के लिए विधायक सूर्य प्रकाश मीणा स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे और किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.

दौरे के दौरान विधायक ने खेतों में जाकर फसलों की स्थिति का निरीक्षण किया.उन्होंने देखा कि कई स्थानों पर गेहूं, चना और अन्य खड़ी फसलें ओलावृष्टि के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं. किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि इस नुकसान से उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा.विधायक मीणा ने मौके पर मौजूद राजस्व अमले को सख्त निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए. उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों को शासन की योजनाओं के तहत शीघ्र और उचित मुआवजा मिलना चाहिए.इसके लिए पारदर्शी तरीके से नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट जल्द तैयार करने के निर्देश दिए गए.इसके अलावा नटेरन एवं शमशाबाद तहसील के अन्य गांवों

में भी फसलों को नुकसान होने की जानकारी सामने आई है. इस पर विधायक ने पहले ही राजस्व अमले को निर्देशित किया था कि वे सुबह से ही प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लें और सर्वे कार्य के लिए टीमों का गठन करें.अधिकारियों को कहा गया है कि वे शीघ्रता से आंकलन रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजें, ताकि किसानों को मुआवजा राशि जल्द मिल सके.प्रशासन की सक्रियता से किसानों में कुछ हद तक राहत की उम्मीद जगी है.विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी और किसी भी प्रभावित किसान को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा.अब क्षेत्र के किसान प्रशासन की कार्रवाई और मुआवजा प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई जल्द हो सके और वे आगामी फसल की तैयारी कर सकें.

18 घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसायिक उपयोग करने पर किये जप्त

टीम ने जांच कर बनाये 10 प्रकरण

राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्यवाही

नवभारत न्यूज

सिरोंज, राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर में कार्यवाही करते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर दुकानों की जांच की गई. इस दौरान टीम द्वारा शहर के 10 प्रतिष्ठानों पर 18 घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर उनको जप्त करने की कार्रवाई की गई है. कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन ने बताया कि राजस्व विभाग एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करने पर दुकानों की जांच की गई.

प्रशासन की टीम द्वारा शनिवार को छत्री नाका, रोहिलपुरा चौराहा, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, चांदनी चौक मेन बाजार आदि में चाय, नाश्ता, मिठाई विक्रय, रेस्टोरेंट आदि की जांच की गई. इस दौरान टीम द्वारा शहर में होटल, मिठाई, चाय, नाश्ते, रेस्टोरेंट आदि दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई. जांच के दौरान 10 प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग करते मिलने पर प्रकरण बनाकर 18 घरेलू गैस सिलेंडरों को जप्त करने की कार्रवाई की गई. इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, तहसीलदार संजय चौरसिया, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा.

घरेलू गैस सिलेंडरों का हो रहा व्यवसायिक उपयोग

शहर में इन दिनों बड़ी तादाद में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है. शहर एवं ग्रामीण अंचलों में कई दुकानदार, मिठाई, चाय, नाश्ता विक्रय, रेस्टोरेंट आदि दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है. घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग काफी आम हो गया है. खासकर रेस्टोरेंट, ढाबा, चाय, नाश्ता, मिठाई आदि विक्रय की दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है. शहर में प्रशासन की इस कार्रवाई से इस पर अंकुश लगने की उम्मीद जगी हैं.

गणगौर महापर्व पर निकला भव्य चल समारोह, पारंपरिक वेशभूषा में दिखी महिलाओं की आस्था और उत्साह

मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत के तत्वावधान में आयोजन. लोकगीतों और परंपराओं से सजी धार्मिक झांकी

नवभारत न्यूज

विदिशा, मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत विदिशा के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणगौर महापर्व के पावन अवसर पर समाज की महिलाओं द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया. यह चल समारोह अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट, माधवगंज से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अग्रवाल मारवाड़ी पंचायत नदवाना पहुंचकर संपन्न हुआ.

इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर उत्साहपूर्वक भाग लिया. गणगौर के लोकगीतों की मधुर धुनों के साथ पूरे वातावरण में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना रहा.

अग्रवाल मारवाड़ी पंचायत की हेमलता अग्रवाल ने बताया कि गणगौर पर्व समाज की महिलाओं द्वारा 16 दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना के साथ मनाया जाता है. इस पर्व की प्रमुख विशेषता पारंपरिक गीत, सोलह श्रृंगार और धार्मिक अनुष्ठान हैं. विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए तथा अविवाहित कन्याएं मनचाहे वर की प्राप्ति और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ यह पर्व मनाती हैं.उन्होंने बताया कि गणगौर पर्व विशेष रूप से राजस्थान में मनाया जाने वाला प्रमुख लोक पर्व है. जिसमें भगवान शिव (ईसर जी) और माता पार्वती (गौरा जी) की विधि-विधान से पूजा की जाती है. यह पर्व समाज में आस्था, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का प्रतीक है.

ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, किसानों को राहत दे सरकार-कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रभावित गांवों का दौरा कर किसानों से की चर्चा

नवभारत न्यूज

विदिशा. बीते दिनों हुई अचानक ओलावृष्टि और तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है. गेहूं, चना, सरसों सहित रबी की तैयार फसलें खेतों में बिछ गई. कई स्थानों पर बालियां टूट गई, जिससे उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है. इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है.

इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ऑडिया, मुड़रा, परसोरा, हिनोतिया, सांगूल और ढांडोन पिपारिया सहित ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों से चर्चा की और नुकसान का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि कटाई के समय हुई इस ओलावृष्टि ने किसानों की

स्थिति को और गंभीर बना दिया है. खेतों में तैयार खड़ी फसलें जमीन पर गिर गई हैं और ओलों व पानी के कारण फसल के सड़ने तथा दाने खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है.

मोहित रघुवंशी ने कहा कि मौसम की मार से किसानों की मेहनत पूरी तरह प्रभावित हुई है. उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि फसलों का सर्वे पारदर्शिता के साथ कराया जाए और मुआवजे की राशि शीघ्र किसानों के खातों में पहुंचाई जाए, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें.उन्होंने मुख्यमंत्री से भी मांग की कि ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के कृषि ऋण माफ किए जाएं तथा केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) जमा करने में राहत दी जाए. साथ ही फसल बीमा का लाभ भी जल्द से जल्द किसानों तक पहुंचाया जाए.जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि किसानों की समस्याओं को लेकर 23 मार्च सोमवार को जिला कांग्रेस द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा.इस दौरान मोहित रघुवंशी के साथ रमेश तिवारी, गोविंद भार्गव, शरद शर्मा, राजनारायण शर्मा, दीवान सिंह रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह दांगी, अनुज यादव, भगत सिंह रघुवंशी, धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे.

आयोजन | **भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से गूंजा आश्रम परिसर, पहले दिन ही बना दिव्य माहौल**

नौलखी में सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का शुभारंभ, 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, नौलखी आश्रम में चल रहे द्वितीय पाटोत्सव के अवसर पर शनिवार से सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ हुआ. पहले ही दिन ऐसा दिव्य वातावरण बना कि पूरा परिसर हरि नाम, राम नाम और संकीर्तन की मधुर ध्वनि से गूंज उठा.

कथा के प्रारंभ में श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा वाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भक्तमाल के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि भक्तमाल कोई सामान्य कथा नहीं, बल्कि भक्तों के चरित्र, उनकी तपस्या, त्याग और परम भक्ति का ऐसा अमृत है, जिसे सुनकर स्वयं भगवान भी प्रसन्न होते हैं.उन्होंने कहा कि बिना भक्ति के भगवान का चरित्र भी अधूरा है. क्योंकि भगवान की महिमा का वास्तविक अनुभव उनके भक्तों के जीवन से ही होता है. इस संदर्भ में उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने समुद्र पर सेतु का निर्माण किया, लेकिन भक्त हनुमान ने उसी सेतु को लांघकर यह सिद्ध कर दिया कि सच्ची भक्ति में वह शक्ति होती है, जो असंभव को भी संभव बना देती है.

कथा के दौरान संत वचनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ अपनी महिमा सुनकर जितने प्रसन्न नहीं होते, उससे कहीं अधिक अपने भक्तों की भक्ति का गुणगान सुनकर आनंदित होते हैं. यही कारण है कि भक्तमाल की कथा संतों की संगति में श्रद्धा और विनम्रता के साथ सुनना श्रेष्ठ माना गया है.

कथा में यह भी भावपूर्ण उल्लेख किया गया कि अयोध्या के कनक भवन में भगवान के विश्राम के समय आज भी भक्तमाल रखी जाती है. जिसे जानकी जी भगवान को भक्तों के चरित्र का श्रवण कराती हैं. यह प्रसंग सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे.कथा वाचक ने बताया कि भक्ति का मूल आधार दृढ़ विश्वास है. जिस हृदय में अटूट श्रद्धा और समर्पण होता है, वहीं सच्ची भक्ति का प्रादुर्भाव होता है और वही भक्त भगवान के निकटतम होता है. उन्होंने बताया कि इस दिव्य ग्रंथ की रचना संत नाभादास जी ने की थी, जिसे बाद में संत प्रियादास जी ने सरल और व्यापक रूप देकर जन-जन तक पहुंचाया.इस पावन अवसर पर कथा प्रारंभ से पूर्व व्यास पीठ पूजन यजमान नरेंद्र ममता उपाध्याय द्वारा विधि-विधान से संपन्न किया गया. वहीं नौलखी आश्रम के पूज्य संत श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज तथा विद्वान आचार्य केशव शास्त्री ने भी पूजन कर आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की.

प्रथम दिवस की कथा का प्रभाव इतना गहरा रहा कि सभी श्रद्धालु भक्ति रस में पूरी तरह डूब गए. वहीं प्रात:काल आयोजित 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा.

नाम वापसी के बाद वरिष्ठ मंत्री पद पर जितेन्द्र जैन निर्विरोध

7 पदों के लिए 19 नामांकन, 29 मार्च को होगा मतदान

नवभारत न्यूज

विदिशा, 21 मार्च,व्यापार महासंघ के आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई. इस दौरान कई प्रत्याशियों ने चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लेते हुए अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए.

महासंघ के 7 पदों के लिए कुल 19 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे.नाम वापसी के दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद से पवन जैन, वरिष्ठ मंत्री पद से अर्पित उपाध्याय, उपाध्यक्ष पद से विवेक शर्मा तथा वरिष्ठ मंत्री पद से भी विवेक शर्मा ने अपना नाम वापस ले लिया.

नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शेष प्रत्याशियों के बीच 29 मार्च को मतदान कराया जाएगा. चुनाव अधिकारियों श्याम सुन्दर गर्ग, चंद्रकांत जैन, प्रकाश भंडारी एवं मनमोहन बंसल ने बताया कि वरिष्ठ मंत्री पद के लिए विवेक शर्मा और अर्पित उपाध्याय द्वारा नाम वापस लेने के कारण रेडीमेड संघ के जीतेन्द्र जैन को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है.